# हिंदू कब तक भाईचारा निभाता रहेगा और चारा बनता रहेगा: गोविंद ठाकुर

▶▶ हिन्दू समाज हमेशा भाई चारे की बात करता है परंतु आज राजनीति के कारण सिर्फ अन्य धर्मो का चारा बन गया

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिला** मुख्यालय मंडी में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अनुपम टंडन की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद जिला मंडी द्वारा सलूनी में मनोहर हत्याकांड में फ इस्ट ट्रैक कोर्ट का गठन करने के लिए एक आक्रोश रैली निकाली गई। जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विशेष



रूप से प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख गोविंद ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज हमेशा भाई चारे की बात करता है परंतु आज राजनीति के कारण सिर्फ अन्य धर्मो का चारा बन गया है। पिछले कुछ समय से पूरे प्रदेश में इस्लामिक जेहादी कट्टरता बढ़ती जा रही है। योजनापूर्वक हिन्दुओं पर हमले किये जा रहे है। देवभूमि को रक्तरंजित करने की ओर जेहादी प्रवृति के लोग दिन रात लगे हुए हैं। चंबा जिला के सलूनी क्षेत्र में हिन्दू युवक मनोहर की नृशंस हत्या इसका ताजा उदाहरण है। जिस अमानवीय तरीके से मनोहर के शरीर के कई टुकड़े किए गए है, वह मानवता को शर्मशार करने वाला कृत्य था। ऐसा कार्य तो जानवर भी नहीं करते हैं। इस कृत्य की जितनी अधिक भत्र्सना की जाए उतनी कम हैं। बात-बात पर लोकतंत्र के खतरे में होने की दुहाई देने वाले अनेक राजनैतिक दल इस हत्या पर अपने अपने तरीके से बयान बाजी कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद का किसी से कोई लेना देना नहीं है। विश्व हिंदू परिषद का एकमात्र मत है कि पूरे विश्व में जहां कहीं भी हिंदू मुसीबत में होगा विश्व हिंदू परिषद उसके पीछे छाती तान कर खड़ा होगा। ऐसी वारदातो से प्रदेश का सामाजिक सद्भाव तो बिगड़ता ही हैए जेहादियों के हौसले भी बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश का हिन्दू समाज इन हमलों से आहत है और आक्रोषित भी है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख वह जिला मंडी के पालक गोविंद ठाकुर विश्व हिंदू परिषद जिला मंडी के अध्यक्ष अनुपम टंडन, प्रांत सह गौरक्षा प्रमुख हरमीत सिंह बिट्ठू, जिला मंडी के मंत्री विशाल ठाकुर, सहित आदि मौजूद रहे।

# सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत आयोजित किये जायेंगे 3 चरण

▶▶ लक्ष्य का 91 प्रतिशत है और इसी प्रकार दूसरे चरण के अंतर्गत 9293 बच्चों का टीकाकरण किया गया है

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला**

**सघन** मिशन इंद्रधनुष के सम्बन्ध में अतिरिक्त उपायुक्त ने मिशन के तहत छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सघन मिशन इंद्रधनुष पर प्रकाश डालते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेखा चोपड़ा ने बताया की अप्रैल 2022 से 31 मार्च, 2023 तक सघन मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत पहले चरण के तहत जिला में 10115 बच्चों का टीकाकरण किया गया है जो कि लक्ष्य का 91



प्रतिशत है और इसी प्रकार दूसरे चरण के अंतर्गत 9293 बच्चों का टीकाकरण किया गया है जो कि लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। डॉ चोपड़ा ने बताया कि इस वर्ष सघन मिशन इंद्रधनुष के तीन चरण होंगे जिसमें पहला चरण 7 से 12 अगस्त तक, दूसरा चरण 11 से 16 सितम्बर तक और तीसरा चरण 9 से 14 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत गंभीर रोगों से बचाव हेतु बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इन तीनो चरणों में मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत सभी लक्ष्यों को पूरा करने के भरसक प्रयास किए जायेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा से शिष्टाचार भेंट की

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। बाह्मण** जन कल्याण सभा के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा से शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें सम्मानित भी किया। सभा के संस्थापक मनमोहन गौतम ने कहा कि कुल्लू में पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में कानून व्यवस्था बनी हुई है। इस दौरान चेयरमैन देव राज शर्मा, महासचिव पंडित लीला गोपाल, पीआरओ भुपिंद्र गौतम, प्रिंस ओवरॉय आदि उपस्थित रहे।

### हटवाना में तेंदूए की दहशत, दो दर्जन पालतु कुत्तों को बनाया शिकार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। उपमंडल** बंगाणा क्षेत्र की सोहलासिंगी धार रेंज में स्थित पिपलू पंचायत के गांव हटवाणा में पिछले दो सप्ताह से तेंदुए की दहशत है। हालत यह है कि पिछले कुछ ही दिनों में तेंदुए ने एक दर्जन पालतु कुत्तों को अपना शिकार बनाया हैं। स्थानीय पंचायत के बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया ने बताया कि लगभग पिछले दो सप्ताह से गांव में तीन तेंदुए देखे गए हैं। ये तेंदुओं गांव के लगभग एक दर्जन पालतु कुत्तों को अपना शिकार बना चुके हैं। इस समय पूरे गांव में दहशत का माहौल बता हुआ है। हालत य है कि बच्चे अकेले स्कूल जाने से डर रहे हैं तथा गांव की महिलाएं अकेली अपनी घासनियों में जाने से भी डर रही हैं। तेंदुए के डर के कारण पालतु पशुओं को दिन रात गौशालाओं में ताला लगा कर रखा जा रहा है। उधर, सोहलासिंगी धार रेंज के तहत पडते रेंज अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया है कि मामला उनके ध्यान में आया है। जल्द ही ग्रामीणों की समस्या का हल करवाने के लिए पिंजरे का प्रावधान करवाया जाएगा।

### गुडगांव व हरिद्वार बस रूट के स्थानांतरण का किया विरोध निकाली आक्रोश रैली

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिन्द्रनगर/संगराय। जोगिन्द्रनगर** नगर में मंगलवार को हिम सेवा ट्रस्ट के द्वारा जोगिंद्रनगर में आक्रोश रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जोगिंद्रनगर बस डिपो के 2 रूट जोगिंद्र नगर से गुडगांव व जोगिंद्रनगर से हरिद्वार इस बस डिपो के अधीन और यहीं से बस बनकर जाती थी। कुछ दिन पहले इन्हें बैजनाथ बस डिपो में स्थानांतरित कर दिया इसी विषय के ऊपर आज जोगिंदर नगर में एसडीएम कार्यालय से लेकर जोगिंदर नगर बस स्टैंड तक हिम सेवा ट्रस्ट के द्वारा आज आक्रोश रैली निकाली गई इसके अलावा दो-तीन दिन पहले हिम सेवा ट्रस्ट के द्वारा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुख विंदर सिंह सुक्खू और परिवहन मंत्री को एसडीएम जोगिंदर नगर के माध्यम से ज्ञापन दिया गया था।

### पुलिस के हेड कांस्टेबल पर मारपीट का आरोप, मामला दर्ज

**नाहन।** सिरमौर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल पर मारपीट करने का आरोप लगा है। पीडित ने इसकी शिकायत राज्य के डीजीपी से की है।

शिकायतकर्ता अजय शर्मा उम्र 22 साल निवासी जरग ददाहु ने अपनी शिकायत में बताया कि सिरमौर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल और उसके साथियों ने अचानक उन पर हमला किया,उनके साथ मारपीट की उनकी मुंह और कान पर जोर जोर से थप्पड़ मारे जिसके कारण उसके कान का पर्दा फट गया। इस बारे में राजन और पंकज जोकि अजय शर्मा के साथ थे।

# कार्यलय बंद और शिफ्ट हो रहे है विधायक व मंत्री: राकेश

## कहा आए थे मुख्यमंत्री तो विद्युत विभाग का सर्कल तो वापिस दे जाते

▶▶ भाजपा द्वारा शुरू की गयी करोडों रुपये की योजनाओं का उद्घघाटन कर झूठी वाही-वाही लूट कर चले गये

**टीम एक्शन इंडिया/ फतेहपुर/विजय समयाल**

**गत** दिनो फतेहपुर मे मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू फ तेहपुर में आएं और भाजपा द्वारा शुरू की गयी करोडों रुपये की योजनाओं का उद्घघाटन कर झूठी वाही-वाही लूट कर चले गये। स्थानीय विधायक ने झूठा श्रेय लेने के लिए



मुख्यमंत्री से भाजपा की बीजी हुई ये जो फसल कटवाई है। जनता जानती है कि इसे किस ने बीजा था। राकेश पठानियां ने सुख्खू सरकार को सलाह दी है कि पहले वो खुद फ सल बीजे और उसे काटे तब कहा जा सकता है कि इस सरकार ने विकास किया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यलयों को बंद व शिफ्ट कर रहे है और विधायक व कांगडा. का एक मांत्र मंत्री चुडि ?ां पहन कर सो रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री फ तेहपुर में आए हुए थे अगर वो नुरपुर का शिफ्ट किया किया गया विद्युत विभाग का सर्कल आफि स वापिस कर जाते, चाहे नुरपुर मे नहीं तो फ तेहपुर में ही यह सर्कल ऑफि स खोलने की घोषणा कर जाते तो आज फ तेहपुर, नुरपुर इंदौरा व जवाली आदि जनता को चम्बा के डैहलोजी के सर्कल ऑफि स में जाने से राहत तो मिल जाती।

राकेश पठानियां ने कहा कि आज स्वास्थ्य अस्पतालो की हालत है की लोगों को कोई सुविधा तक नहीं मिल पा रही है। एक डाक्टर तक की सरकार से नियुक्त नहीं हो पा रही है।

एक मात्र नुरपुर के मदर एण्ड चाईल अस्पताल के समान को उपमुख्यमंत्री अपने जिला को लेकर जा रहे है। अस्पताल को शिफ्ट करने की सरकार की तैयारी चली हुई है और कागडा के विधायक व मंत्री चूपी साधे हुए है।

# आईआईटी मंडी में 23 से सजेगा अंतर्राष्ट्रीय शोध मेला

## रियासतकालीन द्रंग व गुमा नमक खानों पर हो रहे अनुसंधान का भी मिलेगा ब्योरा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी की ओर से अनुसंधान नामक अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च फेयर का आयोजन किया जा रहा है। 23 जून 2023 से 25 जून, 2023 तक आयोजित होने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय शोध मेले में देश-विदेश के जाने-माने वैज्ञानिक प्राचार्य, समाज विज्ञानी तथा औद्योगिक हस्तियां शिरकत करेंगी। आईआईटी मंडी के शोधकर्ता तथा अनुसंधान परिषद सदस्य नसरू खान और शशि राजपूत ने बताया कि यह एक बहुविषयक अनुसंधान और



नवाचार को उत्साहित करने के लिए आयोजित रिसर्च फेयर है। जो आधारभूत विज्ञान, भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं तकनीकी, रोबोटिक्स, कम्प्यूटर विज्ञान के साथ ही प्रबंधन एवं मानविकी और अर्थशास्त्र, साहित्य तथा इतिहास एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे विषयों को समाहित करेगा। मजे की बात है कि इस दौरान रियासतकालीन आर्थिकी का मजबूत आधार रही द्रंग और गुम्मा की नमक खानों पर किए जा रहे शोध का ब्योरा भी इस दौरान मिलेगा। यह रिसर्च फेयर आईआईटी मंडी में 23 से 25 जून तक आयोजित होगा। जिसमे अमेरिका, रशिया, यूरोपियन देशों एवं दक्षिण एशियाई देशों से आने वाली बौद्धिक हस्तियां परमाणु विज्ञान से लेकर खगोल विज्ञान तक, चिकित्सा विज्ञान से लेकर भारतीय ज्ञान प्रणाली तक तथा इतिहास और साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक आधारभूत पहलुओं पर प्रकाश डालेंगी। अनुसंधान में प्रदर्शनी के लिए देश-विदेश से 300 से अधिक शोध कार्य प्राप्त हुए हैं।

# किन्नौर जिला के विभिन्न स्थानों पर चलाया गया भांग उखाड़ो अभियान

**टीम एक्शन इंडिया किन्नौर/ अनिल**

**नशे** के समाज पर पडने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस की पूर्व गतिविधियों के तहत 19 से 25 जून,2023 तक प्रदेष सहित जिला किन्नौर में नषा मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला किन्नौर में जिला कल्याण विभाग द्वारा भांग उखाड़ो अभियान चलाया गया जिसके तहत जिला के विभिन्न स्थानों में भांग उखाड़ कर लोगों को नषे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। भांग उखाड़ो अभियान के तहत आज जिला षिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांग पिओ के परिसर व आस-पास के क्षेत्र में विद्यार्थियों व अध्यापकों द्वारा भांग उखाड़ी गई व साथ ही आम लोगों को नशे से दूर रहने तथा नषे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इसी प्रकार जिला की ग्राम पंचायत बारंग व ग्राम पंचायत पोण्डा में महिला मण्डल, युवक मण्डल व स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपनी-अपनी पंचायतों में भांग उखाड़ो अभियान चला कर पंचायत को भांग रहित किया गया। इस अवसर पर महिला मण्डल की महिलाओं द्वारा पंचायतवासियों को नषे से होने वाले दुष्प्रभावों बारे बताया गया तथा सभी से आग्रह किया कि वे अपने परिवार के सदस्यों विषेशकर युवाओं को नषे से दूर रखने के लिए आगे आएं।

# 'विकास के नए आयाम स्थापित किए'

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**

**पूर्व सरकार** में रहे वन मंत्री राकेश पठानियां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 9 साल को बेमिसाल करार दिया। उन्होंने कहा कि बीते 9 साल में भारत में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं साल 2014 से पहले देश भर में कांग्रेस के प्रति एक निराशा का माहौल था इसी के बाद नरेंद्र मोदी जनता के आशीर्वाद से प्रधानमंत्री बने। उन्होंने कहा कि साल 2019 में जनता ने प्रधानमंत्री के कार्यों पर मुहर लगाया लगाई और उन्हें एक बार फिर जीत दिलवाई। पठानियां ने कहा कि 9 साल के कार्यकाल



में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कैबिनेट पर कोई उंगली खड़ा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यही सही नेतृत्व है, जिसके साथ देश को आगे बढ ?ा है। राकेश पठानियां फतेहपुर मे पत्रकारो को संबोधित कर रहे थे।

**पूरी नहीं होगी गारंटियां**

पूर्व वन मंत्री राकेश पठानियां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने बीते 5 सालों में हिमाचल प्रदेश में भी विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण काम किए। प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं आने दी गई।

### धर्मगुरु दलाई लामा ने राष्ट्रपति मुर्मू को दी जन्मदिन की बधाई

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके 65वें जन्मदिन पर बधाई दी है। दलाई लामा ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में उनके अच्छे स्वास्थ्य और इस महान और प्राचीन राष्ट्र का नेतृत्व करने में सफलता की कामना की है। दलाई लामा ने कहा कि भारत देश करुणा और अहिंसा की अपनी पुरानी परंपराओं के साथ, दूसरों के लिए एक आदर्श बना हुआ है। भारत एक ऐसा देश जहां विभिन्न धर्मों के लोग शांति और सद्भाव में एक साथ रहते हैं। लोकतंत्र, कानून का शासन और स्वतंत्रता इन सदियों पुराने मूल्यों और परंपराओं के कारण भारत में फलते-फूलते हैं।

# क्षय रोग उन्मूलन में पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की सहभागिता जरूरी: शिवम

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**जिला** टीबी फोरम एवं क्षय रोग उन्मूलन समिति द्वारा क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर आज जिलाधीश कार्यालय शिमला में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त शिमला शिवम प्रताप सिंह ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त शिवम प्रताप सिंह ने बताया कि क्षय रोग के उन्मूलन के लिए आवश्यक है कि पंचायत स्तर पर प्रयास किए जाएं जिसमें पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य अधिकारियों की सहभागिता आवश्यक होनी चाहिए। बैठक में भाग लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुरेखा चोपड़ा ने क्षय रोग की वर्तमान स्थिति एवं इसके उन्मूलन के विषय में हो रही गतिविधियों के बारे में सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिला शिमला में अब तक कुल 777 रोगी क्षय रोग से ग्रसित हैं जिनका इलाज चल रहा है। विभिन्न 19 विभागों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम को चलाया जा रहा है जिसमें कि ग्रामीण विकास, पंचायती राज, उच्च शिक्षा एवं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति जैसे विभाग क्षय रोग उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। डॉ. सुरेखा चोपड़ा ने बताया कि 25 मार्च, 2023 को प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में आरंभ किए गए टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत पंचायती राज मंत्रालय एवं केंद्रीय क्षय रोग विभाग के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसके अंतर्गत प्रत्येक पंचायत को 2025 तक क्षय रोग से मुक्त कराने का लक्ष्य है। साथ ही डा सुरेखा चोपड़ा ने निक्षय मित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में जिला शिमला में 348 रोगियों को विभिन्न निक्षय मित्रों द्वारा अपनाया गया है।

# जरूरतमंदों के लिए उम्मीद बनी अंजुमन इस्लामिया

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**धर्म और राजनीति** से हटकर अंजुमन इस्लामिया सामाजिक सरोकारों में जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण बनी है। अंजुमन इस्लामिया के नव गठन के बाद से लेकर अभी तक संगठन ने दर्जनों विशेष कार्य किए हैं अंजुमन इस्लामिया से जुड़े तमाम सदस्य ना केवलनशे के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं बल्कि युवाओं को खेलों के लिए भी प्रेरणा दे रहे हैं। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष बॉबी अहमद की अगुवाई में नाहन मेडिकल कॉलेज में



लंगर लगाया जिसमें करीब 500 से अधिक लोगों ने लंगर का आनंद भी उठाया। इस सेवा में अंजुमन इस्लामिया के तमाम सदस्यों ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। संगठन के अध्यक्ष बॉबी अहमद ने बताया कि उनका संगठन एक विशेष मुहिम के तहत कार्य कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को धर्म की राजनीति से हटकर जरूरतमंदों की सेवा में जोड़ा जाता है।

# शमशेर स्कूल की एसएमसी का अध्यक्ष रमेश चुना गया

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**राजकीय** शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र नाहन में एसएमसी (स्कूल प्रबंधन कमेटी) की आम सभा का आयोजन स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार चौहान के देखरेख में आयोजित किया गया। इस जनरल हाउस का मुख्य उद्देश्य एसएससी के प्रधान पद रिक्त होने के कारण नए प्रधान का चुनाव करवाना था। इस मौके पर राजकीय शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन की नई एसएमसी की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. रमेश पहाडि ?ा को एसएमसी का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी के अन्य



सदस्यों का चयन भी सर्वसम्मति से किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार चौहान ने बताया कि एसएमसी का मुख्य कार्य उनके विकास में भागीदारी सुनिश्चित करवाना होता है। उन्होंने कहा कि स्कूल में एसएमसी अध्यक्ष कार्यकाल पूरा हो चुका था ,जिसके चलते अब नए अध्यक्ष का चयन किया गया है। इस अवसर पर एसएमसी की नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से बनाई गई। साथ ही बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एसएमसी की नियमित बैठकें आयोजित की जाएगी और यदि कोई सदस्य लगातार तीन बैठकों से अनुपस्थित रहता है तो उसकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। उसके स्थान पर नए सदस्य का मनोनयन क्या जाएगा।

### करोड़ों के आनलाइन फ्रॉड मामले में पुलिस को बड़ी मिली कामयाबी

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला में करोड़ों के बैंक अंकाउट ट्रांजेक्शन के आनलाइन फ्रॉड मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने इस मामले में अंर्तराज्जीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए अब तक 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक यह एक अंर्तराज्यीय गिरोह है, जो लोगों के अलग-अगल खाते खुलवा कर उन्हें अपना शिकार बनाता है। इस मामले को लेकर मंगलवार को एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए इस मामले की मीडिया से जानकारी साझा की।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

**जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा तथा विजेता प्रतिभागियों को इस अवसर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**नशीली** दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अंतर्गत 20 से 26 जून तक चलाया जाएगा जागरूकता अभियान यह जानकारी कार्यवाहक उपायुक्त प्रशांत सरकैक ने एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान स्कूलों, महाविद्यालयों व तकनीकी शिक्षण संस्थानोंए व पंचायती राज संस्थानों में नशीली दवाओं के



दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेगी। उन्होंने सम्बंधित विभागों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए युवाओं व छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस दौरान सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान, पंचायती राज संस्थानों द्वारा भांग उन्मूलन, शिक्षण संस्थानों में भाषण, पोस्टर, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला युवा सेवाएँ खेल विभाग को इस दौरान युवा मंडल स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा की नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर 26 जून, 2023 को समाप्त होगा जिसे जिला स्तर पर जिला मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा तथा विजेता प्रतिभागियों को इस अवसर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में डीएसपी डीएसपी राजेश ठाकुर, उप निदेशक उच्च शिक्षा शांति लाल, जिला कल्याण अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शीतोष्ण औषधीय पौधों की खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**भारतीय** वानिकी अनुसंधान एवम शिक्षा परिषद, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान से जुनिपर शुक्पा की नर्सरी तकनीक एवं महत्वपूर्ण सम शीतोष्ण औषधीय पौधों की खेती पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस में बतौर मुख्यातिथि संस्थान के महानिदेशक एएस रावत रहे। उन्होंने कहा कि जूनिपर शुक्पा पौधे के औषधीय कीमत बहुत है। कई हिमालय के राज्यों में यह पौधा काफी विकसित हो रहा हैं। इससे जहां पर्यावरण भी सुरक्षित होता है वहीं लोगों को आय के साधन भी विकसित होती है। जुनिपर पेंसिल



सिडार उत्तर-पश्चिम हिमालयी क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण शंकुधारी वृक्ष है। भारत वर्ष में यह वृक्ष मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश के किन्नौर एवं लाहौल और स्पीति जिले में और जम्मू-कश्मीर के गुरेज घाटी और लद्दाख क्षेत्र तथा उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाया जाता है। वहाँ की स्थानीय भाषा में इसे शूर, शुक्पा, शुर्गु, लाशूक एवं धूप नाम से जाना जाता है।विशिष्ठ अतिथि के तौर पर एडीसी राहुल जैन ने कहा कि स्पीति में इस पौधे से कई लोगों को फायदा हो सकता है। घर में ही लोगों को आय होगी और यहां की आर्थिकी मजबूत होगी। निदेशक संस्थान के निदेशक डा. संदीप शर्मा ने बताया कि ताबो में जूनिपर की नर्सरी एवं पौधरोपण तकनीक विकसित करने में सफलता पायी है और कहा कि पहले इसकी नर्सरी और पौधरोपण नहीं थी।

## पहाड़ी से पत्थर गिरने पर 24 वर्षीय युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**पांवटा-शिलाई** नैशनल हाईवे 707 पर इन दिनों निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है, लेकिन कंपनी द्वारा किया जा रहा है यह निर्माण लोगों के जी का जंजाल बन गया है। अक्सर निर्माण के दौरान पहाड़ी से पत्थर गिरते हैं जिसके चलते कई बार हादसे पेश आ जाते हैं। ऐसा ही एक हादसा रविवार देर रात को सामने आया जब हाईवे पर पहाड़ी से एक पत्थर गिरा और बाइक सवार के सिर पर जा बजा जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक गिरीपार क्षेत्र के माशू का 24 वर्षीय युवक मायाराम रविवार देर शाम को रोनहाट अपनी बहन के घर जा रहा था।

# केन्द्रीय विद्यालय सैंज में समावेशी कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
**साम्फि** या फ ाउंडेशन के आश बाल आश बाल विकास केंद्र द्वारा आज केन्द्रीय विद्यालय सैंज में समावेशी कार्यशला का आयोजन किया गया। जिस दौरान वहाँ के अध्यापकों व छात्र-छात्रों को साम्फि या फ ाउंडेशन द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में दी जाने बाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। बीजू, कार्यक्रम प्रबंधक नें सभी को साम्फि या फ ाउंडेशन द्वारा चलायी जा रही सभी गतिविधीयों पर प्रकाश डाला और साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि साम्फि या फ ाउंडेशन एडी हाइड्रो पॉवर लिमिटेड मनाली द्वारा प्रायोजित संस्थान हैं जिसमें मुख्य रूप से तीन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं अर्ली



इंटेरवेंशन कार्यक्रम, थेरेपी ऑन व्हील एवं समावेशी कार्यशाला जिसके अंतर्गत हम दिव्याँग बच्चों को थेरेपी सुविधाएँ मुहिया कराते हैं ताकि दिव्यांगता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांगता के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम चला है जिसके तहत जिला के सभी शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं त्योहारों आदि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने प्रस्तावित हैं। वहीं डॉ. श्रुति भारद्वाज, निदेशक साम्फि या फ ाउंडेशन ने सभी को विभिन्न तरह की दिव्यंगता तथा थेरेपी सेवाओं जैसेः फि जियोथैरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी एवं स्पेशल एजुकेशन के विषय में जानकारी दी।

# भाजपा कसौली मंडल का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ परवाणू /विमल ग्रोवर**
**भारतीय** जनता पार्टी कसौली मंडल का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन मंगलवार को नगर परिषद परवाणू के कम्युनिटी हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें यूपी से राज्यसभा सांसद अनिल जैन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजीव सैजल, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश भाजपा सचिव डॉ डेजी ठाकुर, जिला सोलन भाजपा अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, कसौली मंडल अध्यक्ष कपूर सिंह वर्मा, भाजपा कसौली मंडल के विभिन्न मोर्चो के अध्यक्ष, पार्षद किरण चौहान, परवाणू भाजपा प्रभारी अवतार जमवाल समेत कसौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रो से कार्यकत्रा उपस्थित थे। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनावो के दृष्टिगत जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की गयी। सांसद अनिल जैन ने डॉ



राजीव सैजल व डॉ डेजी ठाकुर के साथ परवाणू के गणमान्य लोगो के घर जाकर उन्हें मोदी सरकार की नीतियों से अवगत कराया। इस दौरान बूथ प्रभारियो को जन संपर्क अभियान की किट्स बांटने का कार्य भी शुरू किया गया। सम्मलेन को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ राजीव सैजल ने उपस्थित लोगो को भाजपा की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया व उन्हें बताया की भाजपा किस तरह अन्य राजनैतिक दलों से अलग है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से आहवान किया की वे पार्टी के साथ नए लोगो को जोड़े। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद अनिल जैन ने बताया की प्रधानमंत्री मोदी के नेत्रत्व में देश में इंक्रीमेंटल चेंज नहीं बल्कि ट्रांसफॉर्मेशन चेंज हुआ है। पिछले 9 वर्षो में देश का स्वरुप ही अलग निकल कर आया है। केंद्र सरकार 110 विभिन्न योजनाओ पर 22 लाख करोड़ रुपए व्यय कर रही है, जिसका लाभ देश के करोडो लोग उठा रहे है। देश में आज 48 करोड़ लोगो के बैंक खाते है, जिनके माध्यम से लोग सरकार की डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम का लाभ उठा रहे है। बिचोलियों का कारोबार ठप्प कर दिया गया है। अब जनता के खाते में सीधे पैसा पहुँच रहा है। 2014 से पहले देश में 13 करोड़ गैस कनेक्शन थेए लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद 2019 तक महज पांच वर्षो में 12 करोड़ और लोगो को गैस कनेक्शन से जोड़ा गया। 3 करोड़ से ज्यादा लोगो को पक्के मकान मिले है। 12 करोड़ लोगो को मुद्रा लोन का फायदा मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओ को आगामी लोकसभा चुनावो में मोदी सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुचाने व नए लोगो को पार्टी से जोडने के लिए टिप्स भी दिए।

# बाल आश्रम साहू में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान पर शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**जिला विधिक** सेवाएं प्राधिकरण के तत्वाधान में ग्राम पंचायत सुंगल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरौर और बाल आश्रम साहू में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत लोगों को तंबाकू, गुटखा व नशीले पदार्थ के सेवन के दुष्प्रभाव बारे जागरूक किया गया। शिविर की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण विशाल



कौंडल ने की। इस दौरान उन्होंनें नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही समाप्त हो जाता है और उसके परिवार को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/ चंबा/हामिद**
**क्लासिक** इरा एकेडमी सुल्तानपुर में नाडा इंडिया फाउंडेशन के राज्य समन्वयक समाजसेवी सन्नी सूर्यवंशी ने गत दिनों आयोजित की गई निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में सीता देवी प्रथम, महिमा कुमारी द्वितीय जबकि कुसुम कुमारी तृतीय स्थान पर रही। इस अवसर पर सन्नी सूर्यवंशी ने संस्थान के बच्चों को बढ़-चढकर इस तरह की प्रतियोगिता में भाग



लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर क्लासिक इरा अकेडमी के निदेशक टीसी सावन, प्रबंध निदेशक दिनेश ठाकुरए आईटी अध्यापिका भावना माही, कार्यालय सहायक उसमा सहित संस्थान के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## फाइनेंसिंग पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभः सुरीना

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**हिमाचल** प्रदेश के सबसे बड़े महाविद्यालयों में शामिल व 1948 में स्थापित वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में सेल्फ फाइनेंसिंग पाठ्यक्रमों में आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो गई हैं। वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी की प्राचार्या सुरीना शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि बीबीए, बीसीएए व पीजीडीसी, पाठ्यक्रमों के लिए 20 जून से इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
उन्होंने कहा कि बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन व बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के लिए प्रति पाठ्यक्रम 60-60 सीटे निर्धारित की गई है। पीजीडीसीए के लिए 90 सीटें महाविद्यालय प्रशासन ने निर्धारित की हैं। इच्छुक विद्यार्थी 8 जुलाई 2023 तक ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन ही महाविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश प्रक्रिया संबंधित दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बूथ जनसंपर्क अभियान, प्रत्येक बूथ पर 100 घरों में संपर्क करेगी भाजपा



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**भाजपा** प्रदेश महामंत्री एवं विधायक त्रिलोक जम्वाल, महामंत्री एवं विधायक राकेश जम्वाल, महामंत्री त्रिलोक कपूर, एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम गुलेरिया ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पूरे प्रदेश भर में प्रत्येक बूथ पर 20 जून से लेकर 30 जून तक जनसंपर्क अभियान चला रही है। इस जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ आज हो चुका है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक बूथ पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 100 घरों में संपर्क करेंगे। भाजपा नेताओं ने बताया 21 जून को प्रत्येक मंडल में भारतीय जनता पार्टी योग दिवस के कार्यक्रम का आयोजन करेगी, योग दिवस का दिन हमारे लिए गर्व का विषय है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योग को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बनाने में अहम भूमिका निभाई है। यूनाइटेड नेशन में 177 देशों के समर्थन के बाद योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा प्राप्त हुआ था। योग दिवस के कार्यक्रम के उपरांत प्रत्येक बूथ पर घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियां भाजपा कार्यकताओं द्वारा पहुंचाई जाएगी। इसी प्रकार 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस हर मंडल में मनाया जाएगा।

देश भर में 25 जून को कांग्रेस द्वारा 1975 में आपातकाल लगा दिया गया था, इस दिन को भारतीय जनता पार्टी काला दिवस के रूप में मनाती है। इस बार प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में प्रबुद्ध जन सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान पर निकलेंगे। 27 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के 10 लाख पोलिंग बूथों पर अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम हेतु बूथ समितियों के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे जिसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के सभी 7781 बूथों पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# सरकारी पैसे का दुरुपयोग करवाना है तो पीडब्ल्यूडी विभाग के पास दें..

**टीम एक्शन इंडिया/ गोहर/ सुभाग सचदेवा**
**प्रदेश** में सबसे ज्यादा पैसे वाला विभाग लोक निर्माण विभाग और सबसे ज्यादा करप्शन वाला विभाग भी लोक निर्माण विभाग माना जा रहा है। सरकारी पैसे का जितना दुरुपयोग लोक निर्माण विभाग में हो रहा है शायद ही कहीं और हो रहा हो। लाखों करोड़ों रुपए खर्च के सडकें बनती हैं टाइरिंग होती है मगर कुछ दिनों कुछ महीनों में ही सडकों की दशा बिगड़ जाती है और सडकों की हाल बदहाल हो जाती है। आज की बात नहीं यह सिलसिला वर्षों से चला है सरकार कोई भी हो मंत्री कोई भी हो कोई भी हो अधिकारी कोई भी हो भ्रष्टाचार का सिलसिला न रुका है न



रुकेगा। आज हम अपने आसपास नजर दौड़ाएं तो बेशक लाखों-करोड़ों खर्च कर सडक निर्माण का काम लगा हुआ है टाइरिंग हो रही है सोलिंग हो रही है कंक्रीट बिछाई जा रही है मगर कुछ दिनों बाद ना तो कंक्रीट नजर आती है न ही सडक पर डाली गई तारकोल नजर आती है। ठेकेदार अपनी मर्जी से काम करते हैं अधिकारियों की जेब गर्म हो जाती है जनता जाए भाड़ में। ऐसे एक नहीं अनेक मामले देखने में आ रहे हैं। सडक पर कंक्रीट बिछाकर तारकोल डाला जा रहा है दो-चार छः दिन के अंदर ही तारकोल गायब हो जाता है सडकों पर खड्डे पड़ जाते हैं। जब विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को इस बारे में पूछा जाता है रटा-रटाया जवाब ठेकेदार काम करेगा बोल दिया है। अगर यह सिलसिला ऐसे ही चलता रहा तो पब्लिक का पैसा सरकारी पैसा का हो रहा दुरुपयोग कभी खत्म नहीं होगा और लोगों को मिलने वाली सुविधाएं कागजों में ही रहेंगी हकीकत में नजर नहीं आएंगी। अब ताजा मामला गोहर बाजार में देखने को आया जब वह बाजार में गड्ढों को भरने के लिए पैच वर्क करना शुरू किया गया तो ठेकेदार द्वारा जितने पैच वर्क करना था उसे आधा काम भी नहीं हो पाया रसूखदार लोगों ने अपने हिसाब से काम करवा लिया जबकि बाजार के खड्डे ज्यों के त्यों पड़े रहे ।और जहां-जहां टायरिंग हुई एक ही बारिश से टाइरिंग आधे से ज्यादा उखड़ गई। जब इस बारे में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग गोहर से बात की गई उन्हें स्पाट विजिट करने को कहा गया तो जनाब ने पल्ला झाड़ लिया कि पैच वर्क के लिए मेरे पास टाइम नहीं है, दूसरा बाजार में पानी निकासी का प्रबंध नहीं है। जहां जहां टाइरिंग होनी थी वहां लोगों ने करने नहीं दी अपनी मनमर्जी से काम करवा दिया है। काबिले जिक्र है यदि लोगों ने अपनी मर्जी से काम करवाना है तो लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तनख्वाह किस काम की मिलती है लोगों में इस बात को लेकर बहुत बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एनएचपीसी चरण-2 में रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**विश्व** रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण-2 में क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के सहयोग से एनएचपीसी चिकित्सालय, नगवाई कार्यालय परिसर में 19 जून, 2023 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। परियोजना प्रमुख निर्मल सिंह ने शिविर का उद्घाटन करते हुए रक्तदान की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि रक्तदाता दूसरों की जान बचाने में अपना योगदान दे सकता है। इस अवसर पर डॉ. ज्योतिर्मय जैन मुख्य



चिकित्सा अधिकारी ने प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति से रक्तदान करने का आग्रह किया।

रक्तदान शिविर में पार्बती परियोजना व डुगर परियोजना के कार्मिको ने रक्तदान किया। इस रक्तदान में 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। श्री अशोक कुमार शर्मा, महाप्रबंधक वित्त, साजन मोइदीन, महाप्रबंधक यांत्रिक, श्वेता ओझा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन, डॉ विशाल, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू, अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

## प्रयास फाउंडेशन 22 जून से करवाएगी निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर / कश्मीर ठाकुर**
**हमीरपुर** संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय सूचना, प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर के सौजन्य से चल रही प्रयास फॉउंडेशन के माध्यम से 22 जून से लेकर 4 जुलाई तक जिला बिलासपुर के झंडूता व सदर में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी बिलासपुर सदर प्रयास फाउंडेशन डॉक्टर रवि डोगरा व झंडूता प्रयास फाऊंडेशन डॉक्टर ज्योति ने संयुक्त रुप से प्रेस को जारी बयान में दी। उन्होंने बताया कि 22 जून को झंडूता के गांव दोहग पंचायत जेनवीं, 23 जून को गांव सिलह पंचायत जेजवी, इसी दिन सदर में ग्राम पंचायत सिहड़ा के काहवी में, 26 जून को गांव गंगलोह, पंचायत सनीहरा, 27 जून को गांव थाथल जंगल, पंचायत जड्डू, 28 जून को गांव व पंचायत मलराओं, 30 जून को गांव बच्छरेटू पंचायत कोसरिया, 2 जुलाई को सदर बिलासपुर नगर परिषद प्रांगण में चल रहे व्यास पूर्णिमा एवं रंगनाथ महोत्सव व 4 जुलाई को ग्राम पंचायत सिहड़ा में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में डॉक्टरों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी व निशुल्क टेस्ट किये जायेंगे। डॉक्टरों के परामर्श के बाद मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी।

# पुलिस अधीक्षक ने दी मादक द्रव्य अधिनियम की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया/ केलांग/ अंगारिया**
**पुलिस** अधीक्षक लाहौल-स्पिति मंयक चैधरी की अध्यक्षता में विशेष अभियान चलाया गया। नशा व मादक पदार्थ के संदर्भ में जिम हॉल उदयपर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एसडीएम उदयपुर केशव राम, महिला मण्डल ग्राम पंचायत उदयपुर व महिला मण्डल ग्राम पंचायत मडग्रां आहत, नामू, चारु, कौराकी, रतौली, सलपट तथा थाना क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाली सभी पंचायतों के प्रधानों ६ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा मीटिंग में



उपस्थित सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों को नशे, मादक पदार्थ से युवा वर्ग पर होने वाले दुष्प्रभावों के बारे अवगत करवाया व साथ ही साथ साइबर क्राइम आदि के बारे में भी चर्चा की गई। ग्राम पंचायत प्रधानों, महिला मण्डल के सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्राधिकार में आने बाले सभी माइग्रेंट वर्कर्स का थाना में पंजीकरण सुनिश्चित करें व पुलिस अधीक्षक ने मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों से एक बार पुनः आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्राधिकार में होने वाले मादक पदार्थों व नशे से संवधित सुचनाओं के वारे व्यक्तिगत तौर पर उन्हें या प्रभारी थाना उदयपुर को दें ताकि समाज में बढ़ रहे नशे की रोकथाम की जा सके।

# लाभार्थियों के सामने रखीं केंद्र में भाजपा की नौ साल की उपलब्धियां

## - फरह विकास खंड में संपन्न हुआ लाभार्थी सम्मेलन



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/ लोकेश चौधरी** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्र मे भाजपा के नौ वर्ष के सेवा शुसासन ,गरीब कल्याण के कार्यकाल पर 31 मई से 30 जून तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज मथुरा जनपद के बलदेव विधानसभा क्षेत्र के फरह विकास खंड मे लाभार्थी सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राम प्रताप चौहान ने मोदी सरकार के द्वारा चलाई गई योजना जिनका लाभ समाज का प्रत्येक वर्ग ले रहा है सरकार द्वारा चलाई जा रही जनता के हित मे विभिन्न लाभकारी सरकारी व प्राइवेट योजना जैसे किसान सम्मान निधि, आयुष्म मान कार्ड, उज्जवला योजना, करोना बेक्कशीन, मुफ्त राशन वितरण, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री जन धन योजना शौचालय योजना विधवा पेंशन योजना व अन्य कई योजनाओं के बारे में फरह ब्लॉक व बलदेव विधानसभा से आये युवा बुजुर्ग लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया। आगे भी बेहतर योजनाओ के बारे मे जानकारी दी कार्यक्रम को विकास खंड फरह पर संपन्न कराने मे ब्लॉक प्रमुख ठा. अनिल सिंह की अहम भूमिका रही वही लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने फरह ब्लॉक की जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को जनता के बीच पहुंचने में मैं हर समय प्रयास कर रहा हूं। लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम के मौके पर गोवर्धन पूर्व विधायक ठाकुर कारिंदा सिंह बलदेव विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश. चेयरमैन फरह शालिग्राम बटिया, आईएएस खंड विकास अधिकारी फरह ध्रुव खाड़ीया, ठा.सुरेश तरकर, सुल्तान सिंह, लाल सिंह, ठा.प्रेम सिंह प्रधान, हरि शंकर प्रधान व लाभार्थी मौजूद रहे।

# आज शहर से गांव तक लोग करेंगे योग



**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा।** योग दिवस के मौके पर आज बुधवार को योग दिवस के मौके पर शहर एवं देहात योगमय हो जाएंगे। विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह जगह योग दिवस का आयोजन किया गया है। देहात में भी आयोजनों की तैयारियां की गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जगह जगह योगाभ्यास किया जाएगा। सुबह की बेला में होने वाले इस आयोजन की शहर से लेकर देहात तक बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, अखिल भारतीय व्यापार मंडल, व्यापारी एकता संघ द्वारा पिछले तीन दिनों से योग शिविर का आयोजन गांधी पार्क में जारी है।

आज बडे पैमाने पर किया जाएगा। जिसमें योगाचार्य डा. अमर सिंह पोनियां योगाभ्यास कराएंगे। वहीं देहात में भी योग की कक्षाएं आयोजित होंगी। यूपी- हरियाणा बॉर्डर स्थित गांव लालपुर में नटवर सिंह योगाभ्यास कराएंगे। वहीं कई स्कूल प्रांगण में भी लोगों को योगाभ्यास कराने की तैयारी की जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### मथुरा में खेत पर सो रहे किसान की ईंट से कुचलकर हत्या

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र के गांव कटेलिया में खेत पर सो रहे किसान 45 वर्षीय प्रेमपाल शर्मा उर्फ बबलू की ईंट पत्थरों से कुचल कर हत्या कर दी गई। किसान का शव खेतों पर लगे ट्यूबैल पर मिला। किसान रात के समय खेतों की रखवाली के लिए प्रतिदिन रात को खेतों पर जाता था। सोमवार की रात को भी वह खेत पर गया और वहीं सो गया। घटना का पता ग्रामीणों को सुबह तब चला जब वह खेतों की तरफ गये। रास्ते के किनारे पर ही ट्यूबवेल की कोठरी बनी हुई है जहां होकर ग्रामीणों का आवागमन लगा रहता है। प्रेमपाल का खून से लथपथ शव देख कर सभी के होश उडगये। हत्या की घटना का पता लगाने के लिए डाग स्क्वाइड और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई और सुरागरसी की। मृतक के चेहरे और शरीर पर ईंट की चोट के निशान थे। घटना की सूचना पर एसपी देहात त्रगुन विषेन भी मौके पर पहुंच गये थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। हत्या का आरोप मृतक के परिजनों ने गांव के ही मन्नू नामक युवक पर लगाया हैं। किसान की हत्या की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मन्नू के घर दबिश दी लेकिन वह घर नहीं मिला। पुलिस आरोपित को तलाश कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक मन्नू चोरी की घटना में जेल में बंद था। वह हाल ही में जेल से छूट कर आया है। कटेलिया निवासी प्रेम पाल के गांव के बाहर खेत हैं। वह खेत पर ही सोते हैं। खेत में पाइप लाइन डालने को लेकर उनका गांव के कुछ लोगों से दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसके बाद उनकी हत्या हो गई। इसी झगडे को मृतक के परिजन हत्या की वजह बता रहे हैं। मृतक की हत्या लाठी डंडे और ईंट पत्थ से हमला कर की गई है।

### ज्वलंत मुद्दों पर उठे सवाल उससे पहले जनता से ही मांग रहे जबाव

**मथुरा।** ज्वलंत मुद्दों पर जनता सवाल करे उससे पहले ही नेता और अधिकारी जनता से समस्याओं के समाधान के सुझाव मांगने पहुंच रहे हैं। इससे एक तीर से दो निशाने साधे जा रहे हैं। जनता की नाराजगी सामने आए उससे पहले उनके दर पर दस्तक दी जा रही है और लोगों को इस बात का भरोसा दिलाया जा रहा है कि समस्याओं के समाधान के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं और इसमें आपकी सहभागिता भी जरूरी है। यमुना प्रदूषण के मुद्दे पर जिलाधिकारी पुलकित खरे ने लोगों से सुझाव मांगे और इसके लिए बकायदा एक बैठक का आयोजन किया। लोगों ने सुझाव दिये और अपनी पीठ थपथपाई। इस दौरान हालांकि यह तरह की बातें भी उठीं कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी दशकों की कवायद का नतीजा शून्य रहा है, इस तरह के सवालों से बचने के लिए इस तरह की पहल बेहद कारगर साबित हो सकती हैं। अब वृंदावन की जाम की समस्या को लेकर भी यही प्रयोग किया गया है। विधायक श्रीकांत शर्मा, आठ क्षेत्रीय पार्षदों ने क्षेत्रीय लोगों के साथ बैठक कर जाम की समस्या के समाधान के लिए उनके सुझाव मांगे। इसके बाद समस्त वृंदावन वासियों से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। बैठक में महाकाल लोक उज्जैन के आर्किटेक्ट कृष्ण मुरारी शर्मा ने उन सभी प्रस्तावों को नोट किया। मुख्य अतिथि के रूप में मथुरा वृंदावन के विधायक और पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि ट्रैफिक जाम की समस्या के कारण ब्रज वासियों और बाहर से आने वाले सभी दर्शनार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस के लिए प्रशासन को पार्षदों और जनता के सुझावों को शीघ्र सुनकर अमल में लाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आचार्य पंडित विष्णुकांत शास्त्री तथा प्रमुख समाजसेवी सत्यभान शर्मा, बिहारी लाल शास्त्री ने जनता की ओर से सभी पार्षदों को ट्रैफिक जाम के संबंध में जनता की अपेक्षाओं से परिचित कराया। सभी ने एक स्वर में वृंदावन क्षेत्र के 11 पार्षदों को इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अपना प्रतिनिधि स्वीकार करते हुए समाधान का प्रस्ताव तैयार करके शासन प्रशासन अधिकारियों और सरकार से वार्ता के लिए नामित किया। बैठक में वृंदावन क्षेत्र के आठ सम्मानित पार्षद मुकेश सारस्वत, वैभव अग्रवाल, डॉ रूप किशोर वर्मा, सुमित गौतम, पंकज अरोड़ा, घनश्याम चैधरी, सतीश बघेल, शशांक ने क्षेत्र की जनता से अगले 2 दिन में प्रस्ताव मांगे हैं। उसके पश्चात 23 जून को इन सभी पार्षदों की एक संयुक्त बैठक आयोजित होगी। जिसमें हर वार्ड के प्रस्तावों को आर्किटेक्ट की सहायता से समायोजित करके एक बड़ा प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।

# राधाकांत मंदिर में धूमधाम से मनाया गया जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा। राधाकांत मंदिर** का जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मथुरा वृंदावन के विधायक और पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सुसज्जित रथ में भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा माता के विग्रहों को विराजमान कराया। इसके पश्चात रथ में विराजमान विग्रहों ने वृंदावन क्षेत्र का भ्रमण किया। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा के दर्शन करके आज वह धन्य हो गए हैं। इस अवसर पर आचार्य विष्णुकांत शास्त्री,आचार्य मृदुल कांत शास्त्री, पवित्र कृष्ण शर्मा, सोनू ब्रजवासी, यश गोस्वामी, लक्की पंडित, गोविंद बृजवासी, वरुन बृजवासी, ध्रुव बृजवासी, लक्ष्य गुप्ता, माधव बृजवासी, कृष्ण शर्मा, अर्जुन अरोड़ा, अर्जुन पंडित, हर्ष शर्मा, दिलीप शास्त्री, प्रेम झा, रविशंकर मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# देशी पौधों से किया जाएगा खारे पानी का उपचार

**मथुरा।** कान्हा की नगरी की एक पहचान यहां का खारी पानी भी है। खारे पानी की समस्या चुनावी मुद्दा भी बनती रही है। अब सदियों पुरानी खारे पानी की समस्या का हल देशी पौधों से होगा। गांवों को जाने वाले रास्तों की कटीली झाड़ियों को साफ कर रास्तों पर देसी पौधों कदम्ब, नीम, पीपल, बरगद जैसे पौधे रोपे जाएंगे। जनपद भर की ग्राम पंचायतों में यह काम तेजी से चल रहा है। बंजर भूमि भी हरी भरी होगी। ग्राम पंचायतों में मौजूद बंजर भूमि पर भी वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया जा रहा है। इससे गांव की बेकार पडी भूमि पर हरियाली आएगी। गांव को जाने वाले रास्ते बेहद हरे भरे और मनमोहक नजर आएंगे। रास्तों पर दोनों ओर देषी पौधों के रोपने के पीछे ब्रज की प्राचीन छवि को वापस लाना भी एक उद्देष्य है जिस पर तेजी से काम चल रहा है।

# दबंगई: बस अड्डे पर, डग्गामार का कब्जा

**- स्टेशन प्रबंधक ने अवैध वाहनों की सूची बनाकर टांगी**

**- परिवहन विभाग के अधिकारियों के कान पर नहीं रेंग रही जूं**



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** परिवहन विभाग के आला अधिकारी भले ही विकसित होने और अधिक कमाई के लिए भरकस प्रयास करने के दावे कर रहे हो लेकिन अनदेखी एवं लापरवाही उनके इन प्रयासों की पोल खोल रही है। कोसीकलां बस स्टैंड पर डग्गामार के कब्जे के बावजूद अधिकारी कानों को बंद किए बैठे हैं। जबकि अधीनस्थ इससे परेशान होकर इससे छुटकारे के बेनतीजता प्रयासों में जुटे हैं।

शहर की सूरत भले ही दिन ब दिन बदल रही हो लेकिन शहर लिंक रोड पर स्थित बस स्टैंड की हालात खस्ता ही है। यहां डग्गामार रूतबा जरूर बढ गया है। नतीजतन रोडवेज बसों को मुश्किल से सवारियां ही नहीं खडे होने तक की जगह मिल पाती है। जिससे परिवहन विभाग को हर रोज हजारों रुपए चूना लग रहा है। आलम यह है कि बस स्टैंड पर करीब चार दर्जन से अधिक वाहनों ने कब्जाया हुआ है। लिहाजा बस स्टैंड रोडवेज बसों की बजाए इन्हीं वाहनों से भरा रहता है। इनका आतंक भी यहां इतना है कि सवारी तो क्या बस स्टैंड के अधिकारी भी इनके सामने जुबान तक नहीं खोल पाते। लिहाजा वे जहां इच्छा की वहीं खडे होकर सवारियों को भर ले जाते हैं। सवारियों के साथ बदतमीजी के किस्से भी यहां आम हैं। पुलिस प्रशासन की कृपा और परिवहन विभाग के आला अधिकारियों का रहम के चलते बस स्टैंड डग्गामार का अडडा बना हुआ है। इसको लेकर स्टेशन प्रबंधक प्रबल प्रताप ने 41 वाहनों की सूची बनाकर वहां चस्पा की है और आला अधिकारियों को भी भेजी है। लेकिन डग्गामार की दबंगई इतनी है कि उन्होंने स्टेशन प्रबंधक एवं गार्ड के साथ भी अभद्रता करते हुए यहां अपना सिक्का जमा दिया है। परिवहन विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिससे राहगीर भी डरे हुए हैं। तो वहीं स्टाफ भी अपने बचाव के प्रयासों में जुटा हुआ है।

# राधा दामोदर मंदिर में भगवान जगन्नाथ ने रथ में विराजमान होकर दिए दर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** श्री धाम वृन्दावन के सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में रथयात्रा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। जिसमें ठाकुर राधा दामोदर लाल के समक्ष आमो से निर्मित बंगला सजाया गया है और ठाकुर राधा दामोदर लाल अपने भक्तों को स्वर्ण भेष धारण करके दर्शन दे रहे हैं। वही सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ का भव्य अभिषेक किया गया है। वही मंदिर के बड़े गोसाई महाराज आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज ने बताया कि आज बड़ा ही पवित्र दिन है। मंदिर के सेवायत दामोदर चंद्र गोस्वामी ने बताया कि मंदिर के बड़े गोसाई महाराज आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज की अध्यक्षता में आज बड़े ही भाव के साथ भगवान जगन्नाथ को रथ में विराजमान कर मंदिर की सात परिक्रमा की गई है। भक्तों का सैलाब भगवान के रथ को खींचने के लिए उमड़ पड़ा है। मान्यता है, कि भगवान के रथ को खींचने से भक्तों को सभी पापों से मुक्ति मिलती है। वहीं उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में आज ठाकुर राधा दामोदर लाल ने स्वर्ण भेष धारण कर अपने भक्तों को दर्शन दिए हैं और साथ ही ठाकुर राधा दामोदर लाल के समक्ष आमो से निर्मित भव्य बंगला सजाया गया है। साथ ही मंदिर परिसर में साधु संत वैष्णव सेवा की गई है और संध्या कालीन वेला में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इस मौके पर मंदिर परिसर में जगतगुरु अनिरुद्ध आचार्य महाराज, महामंडलेश्वर डॉक्टर सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरु महाराज, प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता मृदुल कांत शास्त्री, वरिष्ठ अधिवक्ता भगवान शर्मा, अधिवक्ता अजय शर्मा, ब्राह्मण महासभा के सुरेश शर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# एमएसपी गारंटी के आसपास किसान संगठन बुनेंगे आंदोलन का तानाबान

**मथुरा।** किसान संगठनों ने आगामी समय में आंदोलन की दिशा और मुद्दों की ओर इंगित कर दिया है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता हरिद्वार में लगे तीन दिवसीय चिंतन शिविर से गुरूमंत्र लेकर मथुरा लौटे हैं। चिंतन शिविर से वापस लौटे संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में संगठन की आगे की रणनीति को साफ किया गया जिससे कार्यकर्ता इस पर काम कर सकें। उन्हें बताया गया है कि एमएसपी को लेकर संगठन के कार्यकर्ता गांव गांव जाए और किसानों से संपर्क करें। किसानों को बताएं कि एमएसपी किस तरह उनके लिए जरूरी है। चिंतन शिविर में भाग लेकर लौटे महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने बताया कि वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवानदास निषाद, गजेंद्र सिंह गावर आगरा मंडल प्रचार मंत्री, चैधरी गिरिराज सिंह परिहार, घासीराम निषाद, सूरज निषाद, विनोद निषाद, मुकुट बिहारी निषाद, करुआ निषाद, लुकुट बिहारी निषाद, राजवीर, संजय अग्रवाल, सचिन चोधरी, रणवीर प्रधान, चैधरी धीर सिंह, राकेश चैधरी, मोनू पंडित, मलखान सिंह ने मथुरा से शिविर में भाग लिया।

राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर मथुरा जनपद में एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने के लिए गांव गांव किसानों के बीच जाकर किसानों का समर्थन मांगेंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने के लिए मथुरा जनपद के हर गांव में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता पंचायत कर एमएसपी से होने वाले फायदे के बारे में किसानों को समझाएंगे। जनपद में हर गांव मे घर घर जाकर किसानों से संपर्क किया जाएगा।

# बलदेव क्षेत्र में 13 स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी

**मथुरा।** बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरी रोकने के लिए तीन गांवों में छापा मार कार्यवाही करते हुए 13 जगह बिजली चोरी पकडी। उपखंड अधिकारी देवेंद्र तिवारी ने बताया कि बिजली चोरी रोकने के लिए अवर अभियंता अशोक कुमार शर्मा की टीम ने किलोनी, आंगई और हबीबपुर में छापा मार कार्यवाही करते हुए 13 स्थानों पर चोरी पकड़ी। किलोनी गांव में ब्रज किशोर पुत्र चरण सिंह, चोब सिंह पुत्र राम जी लाल, बनी सिंह पुत्र चोब सिंह, रामकिशन पुत्र सोबरन सिंह, जकसान पुत्र सोबरन, इंद्रा पत्नी जगवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह पुत्र धर्मवीर, सतेंद्र पुत्र स्व वीरेंद्र आंगई से चंद्रभान सिंह पुत्र तेज सिंह ,रामप्रकाश पुत्र पूर्ण सिंह, गिरीश पुत्र देवीलाल, राजन सिंह पुत्र प्रेम सिंह हबीबपुर से विनोद पुत्र बर्फिया आदि के खिलाफ थाना कृष्णा नगर मथुरा में प्राथमिकी दर कराई गई है।

# मथुरा रिफाइनरी में चलाया गया योग जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** ब्रह्माकुमारी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों के लिए दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बैनर तले संपन्न हुआ मथुरा रिफाइनरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिपेक्ष में पांच दिवसीय योग जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था के सहयोग से रिफाइनरी नगर में कर्मचारियों के बच्चे हेतु दो दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया. जिसका उद्देश्य बच्चों को योग की विभिन्न विधाओं से अवगत कराना था. समर कैंप का उद्घाटन मथुरा रिफायनरी ऑफिसर क्लब के सेक्रेटरी श्री रविंद्र यादव,मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री मुकेश शर्मा,एग्जीक्यूटिव मेंबर संदीप खरबंदा, अविनाश मिश्रा ब्रह्माकुमारी संस्था की रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. राजयोगिनी बीके कृष्णा दीदी ने बताया कि जिस तरह पौधा जब छोटा होता है तो उसे हम किसी भी दिशा में मोड़ सकते हैं, लेकिन पौधा बड़ा हो जाने पर वह मुड़ता नहीं है लेकिन टूट जाता है, ठीक इसी तरह बच्चों के संस्कारों को भी बाल्यकाल में ही परिवर्तित कर सकते हैं. उन्होंने बच्चों की एकाग्रता और मेमोरी पावर बढ़ाने के लिए मेडिटेशन की अनिवार्यता पर बल दिया। इंपल्स माइंड एकेडमी से पधारी डॉ दीपा गर्ग ने आंतरिक शक्तियों के विकास के लिए बहुत उपयोगी सूत्र दिए. डॉ रश्मि गोयल ने स्वस्थ जीवन शैली विषय पर अपने अनुभव युक्त विचार रखे. बेसिक शिक्षा विभाग की शिखा बहन ने मूल्य आधारित गेम्स द्वारा खेल खेल में ही बच्चों को नैतिक मूल्यों की अनिवार्यता से अवगत कराया. आयोजन के संयोजक और इंडियन आयल मे सीनियर मैनेजर बीके आलोक ने अभिभावकों हेतु कांशियस पैरेंटिंग कार्यशाला को संबोधित किया तथा मथुरा रिफाइनरी प्रबंधन, प्रतियोगी बच्चों और अभिभावकों का आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति ने किया संगठन विस्तार



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति ने संगठन का विस्तार करते हुए कई नये पदाधिकारियों को शामिल किया है। समिति में महोली गांव के पूर्व प्रधान राजवीर सिंह उर्फ गुड्डी प्रधान के साथ उनकी पत्नी जो के हाल ही में निर्विरोध वार्ड नंबर 59 महोली द्वितीय पार्षद पुष्पा देवी चुनी गईं। उनको टीम में शामिल करते हुए राजवीर सिंह उर्फ गुड्डी प्रधान को समिति का जिलाध्यक्ष बनाया। मथुरा नगर निगम के प्रथम कार्यकाल में सबसे बेहतरीन काम करने वाले वार्ड नंबर 45 के निवर्तमान पार्षद तिलकवीर चैधरी को संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने युवा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया। महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ने हाली के चुनाव में नगर निगम मथुरा में सबसे अधिक वोटों से जीतने वाली 47 वार्ड की पार्षद रेनू चैधरी को शामिल करते हुए महिला जिला अध्यक्ष बनाया। जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह उर्फ गुड्डी प्रधान ने सूर्य प्रताप सिंह को जिले का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया। समिति मुख्य प्रदेश संरक्षक विधायक पूरन प्रकाश ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग समिति के कार्यों से प्रभावित होकर आज समिति में शामिल हो रहे हैं और आप भी इसी तरह अपनी टीम को बनाते हुए समाज की सेवा के लिए आगे बढ़ते हुए ऐसे ही कार्य करें समाज को जोड़ते हुए समाज के लिए कार्य करें। समिति के संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति लगातार ऐसे लोगों को शामिल करती रहती है जो समाज में कुछ अलग करना चाहते हैं।

हमारी टीम समाज में अलग काम करने के लिए ही जानी जाती है। इस अवसर पर महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा, हेमंत अग्रवाल, मुकेश शर्मा, सत्यदेव शर्मा, नरेंद्र दीक्षित, लोकेंद्र चौधरी ,संजीव कुमार, गगन अग्रवाल, मनोज कुमार रहे शामिल !

# सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर मनाया जाएगा योग दिवस

**मथुरा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। भारत देश अंतरराष्ट्रीय जगत में अब विश्व गुरु के रूप मे उभर रहा है। इस वर्ष 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसकी ह्थीम ह्यमानवताह्न है। इस थीम को आयुष मंत्रालय द्वारा चुना गया है। सम्पूर्ण देश सहित सूबे के सभी संचालित सभी कॉमन सर्विस सेंटरों पर योग दिवस आयोजन की विशेष तैयारी की गयी है। इस अवसर पर अपने आस पास के नागरिकों समेत स्थानीय ग्रामप्रधानध विशिष्ट नागरिकों आदि की उपस्थिति में की योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ साथ इसके महत्व पर विषय चर्चा की जाएगी कि, योग कैसे तनाव को दूर करता है और बॉडी को फिट रखता है । नियमित रूप से योग करने से मोटापा,डायबिटीज,ब्लड प्रेशर जैसे क्रॉनिक बीमारियों पर काबू पाया जा सकता है। योग करने से बिना दवाई के कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है।

**▶▶ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है**

इस अवसर पर सीसीएससी जिला प्रबन्धक ऋृप्रदीप दीक्षित एवम् जिला समन्वयक सुनील चैधरी ने बताया की मथुरा जनपद मे कुल 1400 कॉमन सर्विस सेंटरों पर योग दिवस कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जा रहा है जिसकी पूर्व तैयारी कर ली गयी है। जनपद में लगभग 5000 नागरिकों को जागरूक करने का लक्ष्य लेकर तैयारी की जा रही है।

